सांवरिया सरकार | by Surendra Jangid

म्हारा सांवरिया सरकार खाटूवाले लखदातार
दाता मैं थां सु काई माँगा

जबसे हैं मैंने बाबा तुमको है पाया
तुमने ही मुझको बाबा गले से लगाया
मैं तो हूँ तेरा कर्ज़दार कैसे उतारू सरकार
दाता मैं थां सु काई माँगा

मेरी ही दुनिया बाबा तुझमे कहीं है
तेरे बिना मेरा कुछ भी नहीं है
ये तो मेरी पहचान मेरा खाटूवाला श्याम
दाता मैं थां सु काई माँगा

टूटी सांसें बाबा तुमने चलाई
बिगड़े हालात बाबा रास रचाई
मेरे मन की सारी बात, तुमने पढ़ ली रातों रात
दाता मैं थां सु काई माँगा

तू मुझको प्राणो से भी प्यारा
मैंने सब कुछ तुझ पर वारा
सबके स्वामी लखदातार मेरे मात पिता सरकार
दाता मैं थां सु काई माँगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%b0%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-surendra-jangid/